82

[09] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (I Semester) Examination**
**2015**
**Tuesday, 21st April**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA01FHIN01 - Foundation Elective Hindi**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (**किन्हीं तीन**) (१५)

१) मगर काम करना तो मानवी स्वभाव है । बेकारी में जीवन कैसे कटता ?

२) धर्म झूठा बंधन है । परमात्मा एक है, अबाध है और धर्म से परे है । धर्म हमें सीमा में रखता है, रोकता है, परमात्मा से अलग रखता है, अतः हमारा शत्रु है ।

३) जो पत्नी से मिलने का सुख स्वप्न वह देख रहा था, वह बे मतलब का क्रंदन, बेराग, बेखबर, सन्नाटे को चीर कर आता हुआ उसके कानों को बहुत अप्रिय लगा ।

४) सत्येन्द्र ताई का सहारा थामे खड़ा था । निःश्चेष्ट निःस्पन्द । मानो उसका संसार फूस के छप्पर सा एक ही दियासलाई में राख हो गया हो- पसीने से वह नीचे से उपर तक तर हो गया ।

५) मैं समझता हूँ कि कई बार इन्सान चुप रहकर ज्यादा बात कर सकता है । जबान से कही बात में वह रस नही होता, जो आँखो की चमक से या होठों के कम्पन से या माथे की एक लकीर से कही गई बात में होता है ।

प्र.२ 'ठेस' कहानी के आधार पर सिरचन का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए :

१) 'अपरिचित' कहानी का उद्देश्य

२) 'शत्रु' कहानी का ज्ञान

प्र.३

अ) निम्नलिखित गद्यांश का सार एक तिहाई शब्दों में लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए । (०५)

पुस्तक का मानव जीवन में बहुत महत्त्व है । मानव ने सर्वप्रथम पुस्तक का आरंभ अपने अनुभूत ज्ञान को विस्मृति से बचाने के लिए किया था । विकास के आदिकाल में पत्ते, ताड़पत्र, कांस्यपत्र आदि साधन इस ज्ञान संग्रह के सहायक रहे है, ऐसा पुस्तक का इतिहास स्वयं बताता है । पुस्तकें मानव को अपना अनुभव विस्तृत करने में सहायक होती है; साथ ही उन्होंने अपने पूर्वजों के सभी प्रकार के कृत्यों को जीवित रखने की

जिम्मेदारी भी सँभाली हुई है । आज के युग में प्राचीन वीरों, धार्मिक महात्माओं, ऋषियों, नाटककारों, कवियों आदि का पता हम इन्हीं पुस्तकों के सहारे पाते है । पुस्तकें ही आंतरराष्ट्रीय विचारक्षेत्र में विभिन्न देशों के दृष्टिकोणों को एक आधार पर सोचने के लिए बाध्य करती है ।

आ) पर्यायवाची शब्द लिखिए । (**किन्हीं पाँच**) (०५)

१) ईश्वर २) माँ ३) मत्स्य
४) पिता ५) नर ६) आभूषण ७) गाय

इ) विलोमार्थी शब्द लिखिए । (**किन्हीं दस**) (०५)

१) अपमान २) कायर ३) आय ४) आकाश
५) उपसर्ग ६) आस्तिक ७) क्रोध ८) साक्षर
९) पूर्व १०) प्रशंसा ११) गुण १२) सफल

ई) अनेकार्थी शब्द लिखिए । (**किन्हीं पाँच**) (०५)

१) अमृत २) पयोधर ३) धन ४) रंग
५) गौरी ६) कक्षा ७) गज़

प्र.४ **किसी एक विषय** पर निबंध लिखिए । (१५)

१) मेरा प्रिय खेल
२) रक्तदान महादान
३) भ्रष्टाचारः समाज का महारोग
४) जल ही जीवन है

☺☺☺☺☺